ज़रा प्यार से देख लो तुम | By Devi Sangeeta Kishori

ज़रा प्यार से देख लो तुम
मुझे फिर चैन मिल जाए
बिहारी.....चैन मिल जाए

तेरे नैन कटीले कजरारे
तेरी बांकी अदा पे मन भटके
ये भटकन ज़रा अटका दो
मुझे फिर चैन मिल जाए
बिहारी.....चैन मिल जाए

मैंने सुना तुम रूप के रसीले
ब्रज के हो तुम छैल छबीले
ये रस ज़रा बरसा दो
मुझे फिर चैन मिल जाए
बिहारी.....चैन मिल जाए

मैं बरसो से तड़प रही हूँ
तेरे दीदार को मचल रही हूँ
एक बार मुझे अपना लो
मुझे फिर चैन मिल जाए
बिहारी.....चैन मिल जाए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%96-%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae-by-devi-sangeeta-kish/